# 27 राजस्थान के प्रमुख संग्रहालय

1. हल्दीघाटी में महाराणा प्रताप संग्रहालय की स्थापना किसके द्वारा की गई?
(1) अरविन्द सिंह मेवाड़ (2) कोमल कोठारी
(3) मोहन श्रीमाली (4) देवीलाल सामर (3)

2. राजपूताना म्यूजियम कहाँ स्थित है?
(1) जयपुर (2) कोटा
(3) जोधपुर (4) अजमेर (4)

**व्याख्या–** अजमेर के मैगजीन दुर्ग में स्थित राजकीय संग्रहालय का उद्घाटन 19 अक्टूबर, 1908 को राजपूताना के तत्कालीन एजीजी कॉल्विन द्वारा किया गया था। तब इसे राजपूताना म्यूजियम के नाम से जाना गया।

3. जूनागढ़ एवं लालगढ़ म्यूजियम स्थित है?
(1) जोधपुर (2) जैसलमेर
(3) बीकानेर (4) उदयपुर (3)

4. जैसलमेर में स्थित लोक सांस्कृतिक संग्रहालय की स्थापना कब की गई?
(1) 1999 (2) 1984
(3) 1985 (4) 1980 (2)

5. माणिक्यलाल वर्मा जनजाति संग्रहालय कहाँ स्थित है?
(1) डूँगरपुर (2) प्रतापगढ़
(3) उदयपुर (4) जोधपुर (3)

**व्याख्या–** माणिक्यलाल वर्मा जनजाति संग्रहालय की स्थापना 30 दिसम्बर, 1983 को माणिक्यलाल वर्मा जनजाति शोध संस्थान द्वारा की गई थी।

6. आहड़ संग्रहालय कहाँ स्थित है?
(1) डूँगरपुर (2) प्रतापगढ़
(3) उदयपुर (4) जोधपुर (3)

7. निम्न में से असत्य युग्म है–
(1) राव माधोसिंह संग्रहालय– कोटा
(2) मोती महल संग्रहालय– बूँदी
(3) सवाई मानसिंह द्वितीय संग्रहालय– जयपुर
(4) लोकवाद्यों का संग्रहालय– जयपुर (4)

**व्याख्या–** लोकवाद्य संग्रहालय जोधपुर में स्थित है।

8. किस संग्रहालय में आहड़ सभ्यता से प्राप्त सामग्री रखी है?
(1) आहड़ संग्रहालय (उदयपुर)
(2) राजकीय संग्रहालय (डूँगरपुर)
(3) राजकीय संग्रहालय (उदयपुर)
(4) केन्द्रीय संग्रहालय (जयपुर) (1)

9. निम्न में से किस संग्रहालय का संचालन पुरातत्व विभाग द्वारा किया जाता है?
(1) आहड़ संग्रहालय (उदयपुर) (2) राजकीय संग्रहालय (डूँगरपुर)
(3) राजकीय संग्रहालय(उदयपुर) (4) केन्द्रीय संग्रहालय (जयपुर) (1)

10. किस संग्रहालय की स्थापना सन् 1915 में भवानी सिंह द्वारा की गई?
(1) राजकीय संग्रहालय (कोटा)
(2) राजकीय संग्रहालय (भरतपुर)
(3) राजकीय संग्रहालय (झालावाड़)
(4) राजकीय संग्रहालय (उदयपुर) (3)

11. किस संग्रहालय की स्थापना सन् 1944 में महाराजा ब्रजेन्द्र सिंह द्वारा की गई?
(1) राजकीय संग्रहालय (कोटा)
(2) राजकीय संग्रहालय (भरतपुर)
(3) राजकीय संग्रहालय (अलवर)
(4) राजकीय संग्रहालय (उदयपुर) (2)

12. राजस्थान का सबसे प्राचीन संग्रहालय है?
(1) केन्द्रीय संग्रहालय, अल्बर्ट हॉल (जयपुर)
(2) राजकीय संग्रहालय (अलवर)
(3) सिटी पैलेस म्युजियम (उदयपुर)
(4) मोती महल संग्रहालय (बूँदी) (1)

13. निम्न में से असत्य युग्म है–
(1) करणी संग्रहालय– बीकानेर
(2) सार्दुल संग्रहालय– बीकानेर
(3) अनूप संग्रहालय– बीकानेर
(4) गंगा गोल्डन जुबली म्यूजियम– गंगानगर (4)

**व्याख्या–** गंगा गोल्डन जुबली म्यूजियम बीकानेर में स्थित है।

14. अल्बर्ट हॉल में संग्रहालय की स्थापना किस शासक के समय की गई?
(1) महाराजा रामसिंह द्वितीय (2) महाराजा माधोसिंह प्रथम
(3) महाराजा माधोसिंह द्वितीय (4) महाराजा रामसिंह प्रथम (3)

**व्याख्या–** अल्बर्ट हॉल के भवन की नींव का पत्थर महाराजा रामसिंह द्वितीय के शासनकाल में 1876 ई. में प्रिंस अल्बर्ट ने रखा। महाराजा माधोसिंह द्वितीय के समय 1887 ई. सर एडवर्ड ब्रेडफोर्ड ने इसका उद्घाटन कर विधिवत् रूप से जनता के लिए खोल दिया।

15. किस संग्रहालय में जमवारामगढ़ से प्राप्त कुषाण कालीन सिक्के, टोंक से प्राप्त गुप्तकालीन सिक्के तथा चौहान व कछवाहा वंश के सिक्कों का अनुपम भंडार प्रदर्शित है?
(1) मोती महल संग्रहालय (2) राव माधोसिंह संग्रहालय
(3) डॉल म्युजियम (4) राजकीय संग्रहालय हवामहल (4)

16. निम्न में से असत्य युग्म है–
(1) राजस्थान राज्य अभिलेखाकार– बीकानेर
(2) लोक संस्कृति शोध संस्थान संग्रहालय– चुरू
(3) नाहटा संग्रहालय– हनुमानगढ़
(4) कालीबंगा संग्रहालय– हनुमानगढ़ (3)

**व्याख्या–** नाहटा संग्रहालय सरदारशहर (चुरू) जिले में स्थित है।

17. 'फतेह विलास महल, खेतड़ी' में संचालित म्युजियम है?
(1) प्राच्य विद्यापीठ संस्थान (2) सरस्वती पुस्तकालय
(3) बांगड़ राजकीय संग्रहालय (4) स्वामी विवेकानन्द म्युजियम (4)

18. किस संग्रहालय में सुगाली देवी की प्रतिमा, गरासियों के वाद्ययंत्र व इंडो सोरसेनिक युग के सिक्कों का भण्डार है?
(1) प्राच्य विद्यापीठ संस्थान, जोधपुर
(2) सरस्वती पुस्तकालय, फतेहपुर
(3) बांगड़ राजकीय संग्रहालय, पाली
(4) भारतीय लोक कला मंडल संग्रहालय, उदयपुर (3)

19. किस संग्रहालय की स्थापना 1955 में जयपुर में की गई, परन्तु बाद में 1960 में बीकानेर स्थानान्तरित किया गया?
(1) राजस्थान राज्य अभिलेखागार
(2) अनूप संग्रहालय
(3) शार्दुल संग्रहालय
(4) करणी संग्रहालय (1)

20. किस संग्रहालय का संचालन निजी क्षेत्र में किया जा रहा है?
(1) अनूप संग्रहालय (2) शार्दुल संग्रहालय
(3) करणी संग्रहालय (4) नाहटा संग्रहालय (4)

**व्याख्या–** निजी क्षेत्र के इस संग्रहालय में चंदन की काष्ठकला व हाथी दांत पर कलाकृति लकड़ी की घड़ी में ताजमहल व विजय स्तंभ की कलाकृतिया प्रदर्शित है।

21. भारतीय लोक कला मण्डल संग्रहालय कहाँ स्थित है?
(1) जोधपुर (2) बीकानेर
(3) उदयपुर (4) अजमेर (3)

22. हल्दीघाटी संग्रहालय कहाँ स्थित है?
(1) राजसमंद (2) डूँगरपुर
(3) भीलवाड़ा (4) बाँसवाड़ा (1)

23. लालगढ़ महल में स्थित सार्दुल संग्रहालय किस जिले में स्थित है?
(1) जोधपुर (2) बीकानेर
(3) गंगानगर (4) जयपुर (2)

24. 1985 में स्थापित कालीबंगा संग्रहालय किस जिले में स्थित है?
(1) हनुमानगढ़ (2) बाँसवाड़ा
(3) गंगानगर (4) उदयपुर (1)

25. प्राच्य विद्यापीठ संस्थान कहाँ स्थित है?
(1) बीकानेर (2) जयपुर
(3) उदयपुर (4) जोधपुर (4)

**व्याख्या–** प्राच्य विद्यापीठ संस्थान की स्थापना 1950 में जयपुर में की गई और बाद में 1958 में इसे जोधपुर स्थानान्तरित कर दिया गया। यह संस्था हस्तलिखित ग्रंथों के संग्रह, संरक्षण, संपादन व प्रकाशन का कार्य करती है।

26. 1964 में गोविन्द अग्रवाल द्वारा स्थापित लोक संस्कृति शोध संस्थान संग्रहालय किस जिले में स्थित है?
(1) चुरू (2) झुंझुनूं
(3) कोटा (4) जयपुर (1)

27. देश का प्रथम उद्योग व तकनीकी म्यूजियम किस जिले में स्थित है?
(1) सीकर (2) चुरू
(3) कोटा (4) झुंझुनूं (4)

**व्याख्या–** देश का प्रथम उद्योग और तकनीकी म्यूजियम बिड़ला तकनीकी म्यूजियम पिलानी (झुंझुनूं) में स्थापित किया गया है।

28. संजय शर्मा ग्रंथ संग्रहालय स्थित है?
(1) झुंझुनूं (2) कोटा
(3) उदयपुर (4) जयपुर (4)

**व्याख्या–** यहां 60,000 हस्तलिखित पोथियों का भण्डार, कपड़े पर लिखा कुरान शरीफ, आइने अकबरी का सचित्र हिन्दी अनुवाद तथा 1,00,000 से ज्यादा पाण्डुलिपियों का भण्डार मौजुद है।

29. सरस्वती पुस्तकालय कहाँ पर स्थित है?
(1) पिलानी (झुंझुनूं) (2) फतेहपुर (सीकर)
(3) लक्ष्मणगढ़ (सीकर) (4) खेतड़ी (झुंझुनूं) (2)

30. भारतीय लोक कला मण्डल संग्रहालय की स्थापना किसके प्रयासों से सम्पन्न हुई?
(1) देवीलाल सामर (2) महाराणा अमरसिंह प्रथम
(3) भवानीसिंह (4) दयानन्द सरस्वती (1)

**व्याख्या–** भारतीय लोक कला मण्डल संस्थान विभिन्न लोक कलाओं, कटपुतली नृत्य के प्रचार–प्रसार का कार्य करती है, यहाँ एक लोक–संस्कृति संग्रहालय भी संचालित है।